कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झाँसी ।

पत्रॉकः 2922 /प्रवेश/2024–25/एस0सी0–2 दिनॉक 24/8/24

## आवश्यक सूचना

नीट यू0जी0–2024 के माध्यम से इस कालेज के लिये चयनित अभ्यर्थियोंको सूचित किया जाता है कि वे इस चिकित्सा महाविद्यालय में एम0बी0बी0एस0 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ओडिटोरियम / छात्रानुभाग में प्रातः10:30 बजे रिर्पोट करेगें तथा इसी दिन शैक्षिणक प्रमाण पत्रों, अन्य प्रपत्रों एवं फोटो आदि की जॉच एवं सत्यापन किया जायेगा। अभ्यर्थी जॉच समिति के समक्ष निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की **मूल प्रति एवं उसकी एक–एक स्वप्रमाणित छाया प्रति** प्रस्तुत करेंगें। जॉच समिति द्वारा सही पाये जाने पर अभ्यर्थी का स्वास्थ्य परीक्षण **अगले दिन प्रातः 10:30 बजे से** किया जायेगा।

| कम संख्या | प्रमाण–पत्र |
|---|---|
| 01– | नीट यू0जी0–2024 का आंवटन पत्र (Allotment Letter) |
| 02– | जाति प्रमाण पत्र,(लागू होन की दशा में) **(अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर शासन के अद्यावधिक दिशा–निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग/ ई0डब्लूएस0 का प्रमाण पत्र दिनांक 01 अप्रैल, 2024 या उसके बाद का निर्गत होना चाहिए, अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र में** क्रीमीलेयर में न होने का प्रमाण भी अंकित हो)(Caste Certificate) |
| 03– | उप श्रेणी का प्रमाण पत्र (Sub Category) (लागू होने की दशा मे ) |
| 04– | नीट यू0जी0–2024 का प्रवेश पत्र (NEET Admit Card) |
| 05– | नीट यू0जी0–2024 की अंकतालिका (NEET Marksheet) |
| 06– | रैंक लेटर & Rank Letter NEET UG 2024 |
| 07– | हाई स्कूल अंक तालिका (10th Marksheet) |
| 08– | हाई स्कूल प्रमाण पत्र (10thCertificate) |
| 09– | इण्टर मीडिएट अंक तालिका(12th Marksheet) |
| 10– | इन्टर मीडिएट प्रमाण पत्र (12thCertificate) |
| 11– | बी0एस0सी0 अकंतालिका(BS.C. Marksheet)( यदि कोई हों )। |
| 12– | स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) |
| 13– | चरित्र प्रमाण पत्र ( Character Certificate) |
| 14– | निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) (लागू होने की दशा मे ) |
| 15– | पिता/संरक्षक का आय प्रमाण पत्र (Income Certificate) |
| 16– | प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration)( यदि कोई हों ) |
| 17– | पिछले विद्यालय का परिचय पत्र/अन्य परिचय पत्र (Idendity Card) |
| 18– | छात्र के नीट यू0जी0–2024 के प्रवेश पत्र पर लगे हुए 10 Photo |
| 19– | इण्टरमीडिएट/बीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात यदि गैप हो तो किसी अन्य मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में प्रवेशित न होने एवं गैप के सम्बन्ध में शपथ पत्र। (Annexure UG10 पर) |
| 20– | हेपेटाइटिस बी वैक्सीन लगवाने का प्रमाण पत्र । (Hepatitis B Vaccine) |
| 21– | रैगिंग न करने सम्बन्धी छात्र एवं पिता का अलग–अलग 10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा प्रदत्त शपथ पत्र। (Annexure UG -08 (Form-1) एवं 09 (Form-2)पर ) |
| 22– | पत्र व्यवहार का पता लिखा हुआ रु0 5/–के साधारण टिकट सहित 4 लिफाफे। |
| 23– | माता ,पिता/अभिभावक का छाया चित्र–01। |
| 24– | यू0पी0काउंसिलिंग की रजिस्ट्रेशन एवं वेरीफिकेशन स्लिप ( यू0पी0 के अभ्यर्थियों के लिए )(लागू होने की दशा में) |
| 25– | आधार कार्ड/पैन कार्ड (Aadhaar Card/PAN Card) की प्रतिलिपि |
| 26– | अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड रूपये 10 लाख निर्धारित प्रारूप पर (रूपये 100/– के स्टाम्प पर) |

कमशः 2

प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वस्थ्य घोषित किये जाने परही प्रवेश दिया जायेगा। स्वास्थ्य परीक्षा मे सफल होने पर आपको उसी दिन निम्नलिखित शुल्क बैंक ड्राफ्ट/एस0बी0कलेक्ट के माध्यम से जो **प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी( Principal, Maharani Laxmi Bai MEdicla College Jhansi)** के नाम से, कार्यालय में जमा करना होगा। नीट यू0जी0–2024 से **पुनरावंटन पर प्रवेश लेने** अथवा विद्यालय छोडने की दशा में जमा किया गया शुल्क व अन्य शुल्क उ0 प्र0 शासन की प्रवेश नियमावली शासनादेश 2024 एवं शासन के दिशानिर्दशानुसार समायोजित /वापिस किया जायेगा। काशनमनी रु0 10,000/– चेक/ छात्र के खाते में वापस की जायेगी। नीट यू0जी0–2024 के ऑल इडिया के 15 प्रतिशत कोटे से पुनरावटंन पर प्रवेश लेने अथवा विद्यालय छोडने की दशा में जमा किया गया शुल्क व अन्य शुल्क वापसी सम्बन्धी कार्यवाही नोटीफिकेशन संख्या **F.No. U-12021/29/2011-MEC dated 15th June 2012** के अनुसार की जायेगी। कक्षायें प्रारम्भ होने की तिथि 01–10–2024 निर्धारित की गयी है।

शुल्क का विवरण

| अभ्यर्थी | प्रवेश शुल्क | कॉशन मनी | शिक्षण शुल्क | विकास शुल्क | अन्य शुल्क | छात्रावास शुल्क | विद्युत शुल्क | कुल धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य / ई0डब्लू0एस0 वर्ग | 2000 | 10000 | 18000 | 2000 | 4000 | 3600 | 2400 | 42000 |
| आरक्षित वर्ग | 2000 | 10000 | 9000 | 2000 | 4000 | 3600 | 2400 | 33000 |

उक्त शुल्क के साथ– साथ मिसलेनियस चार्ज रू0 1000/– (एक हजार मात्र) सहायक परीक्षा अधीक्षक के खाता संख्या 10671331230 एस0बी0आई0 बैंक में जमा होगा।

उक्त के अतिरिक्त हॉस्टल वैलफेयर के लिये **छात्रों को** रू0 4000/– निम्नवत खाते में जमा करना होगा।

**1– सी0बी0रमन छात्रावास हेतु– प्रेसीडेन्ट, हॉस्टल वैलफेयर सोसायटी, सी0बी0रमन हॉस्टल, खाता संख्या: 10671331116 एस0बी0आई0**

**2– धनवन्त्रि छात्रावास हेतु – प्रेसीडेन्ट, हॉस्टल वैलफेयर सोसायटी, धनवन्त्रि हॉस्टल, खाता संख्या: 10671331092 एस0बी0आई0**

**छात्राओं को 3,000/– निम्नखाते में जमा करना होगा।**

**महिला छात्रावास कल्याण समिति , खाता संख्या: 39992855299 एस0बी0आई0**

इसके अतिरिक्त उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रों को छूट प्रदान की जाती है। इसके लिए अर्ह छात्रों को वापस न की जाने वाली शुल्क की प्रतिपूर्ति समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 द्वारा की जायेगी। अतः इन्हें कॉशनमनी (कुल रूपये 10000/–) जमा करनी होगी एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में आवेदन करने के पश्चात शुल्क प्रतिपूर्ति होने के 15 दिन के भीतर शेष फीस जमा करनी होगी एवं उपरोक्त योजना की नियमावली के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के समस्त छात्रों को आवेदन करना होगा। आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने/निरस्त होने की दशा में छात्र को शेष फीस 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी।

इसके लिए छात्र–छात्राओं को निर्धारित प्रारूप पर 10 रू0 के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रवेश लेते समय प्रस्तुत करना होगा एवं शिक्षण सत्र के अन्त तक फीस की प्रतिपूर्ति न होने की दशा में छात्र/छात्रा को शेष फीस स्वयं जमा करनी होगी।

प्रधानाचार्य,

पत्रॉक 2922/प्रवेश/2024–25/एस0सी0–2

तदिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–सूचना पट कॉलेज/ छात्रानुभाग ।

2–प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को कॉलेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।

3–समस्त सदस्य प्रवेश समिति एम0बी0बी0एस0।

4– कैशियर कॉलेज झाँसी ।

प्रधानाचार्य,